भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4814
जिसका उत्तर 24 मार्च, 2021 को दिया जाना है

निजी कंपनियों को आवंटित कोल ब्लॉक

4814. श्री नलीन कुमार कटील:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में गैर-सरकारी कंपनियों को कोल ब्लॉक्स का आवंटन किया जाता है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार और कोल ब्लॉक-वार गैर-सरकारी कंपनियों को आवंटित कुल कोल ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने कोल ब्लॉक्स के आवंटन से राजस्व सृजन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है; और
(ड.) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

उत्तर
संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : जी, हां।

(ख) : कोयला खान (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2015 तथा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी बोली कार्यतंत्र के माध्यम से निजी क्षेत्र को अभी तक कुल 42 कोयला ब्लॉकों का आवंटन किया गया है।

(ग) : पिछले तीन वर्षों के दौरान, कोयला खान (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2015 तथा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत निजी क्षेत्र की कंपनियों को 20 कोयला ब्लॉकों का आवंटन किया गया है। उन खानों की सूची **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(घ) और (ड.) : कोयला मंत्रालय आवंटितियों को उत्पादन के लक्ष्य सहित कोयला ब्लॉकों का आवंटन करता है। इन खानों से अर्जित राजस्व कोयला उत्पादन पर निर्भर होता है तथा संबंधित राज्य सरकारों जहां खान स्थित है, द्वारा अर्जित किया जाता है।

केंद्र सरकार को ऐसे राजस्व पर केवल कर और उपकर का हिस्सा प्राप्त होता है जैसे कि केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (सीजीएसटी), जीएसटी प्रतिपूर्ति उपकर एवं राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी)। इस प्रकार, इन कोयला खानों के आवंटन से केंद्र सरकार द्वारा राजस्व का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

*****

अनुबंध

निजी क्षेत्र को आवंटित कोयला खानें					
क्र.सं.	**कोयला खान**	**आबंटिती**	**राज्य**	**आबंटन की तारीख**	**सीएमएसपी / एमएमडीआर अधिनियम के अंतर्गत आवंटित**
1	गारे -पल्मा- IV/1	जिंदल पावर लिमिटेड	छत्तीसगढ़	08.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
2	गारे -पल्मा- IV/7	सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड	छत्तीसगढ़	08.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
3	चकला	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड	झारखंड	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
4	राजहरा नॉर्थ (मध्य और पूर्वी)	फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड	झारखंड	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
5	उरमा पहाड़ीतोला	ऑरोबिंदो रियलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड	झारखंड	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
6	गोंदुलपाड़ा	अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड	झारखंड	08.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
7	बिक्रम	बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड	मध्य प्रदेश	10.02.2020	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
8	ब्रह्मपुरी	बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड	मध्य प्रदेश	10.02.2020	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
9	साहपुर वेस्ट	सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
10	उरतन नॉर्थ	जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
11	साहपुर ईस्ट	चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
12	धिरौली	स्ट्राटाटेक मिनरल रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	एमएमडीआर अधिनियम, 2015
13	उरतन	जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	एमएमडीआर अधिनियम, 2015
14	बंधा	ईएमआईएल माइंस एंड मिनरल्स रिसोर्सेस लिमिटेड	मध्य प्रदेश	03.03.2021	एमएमडीआर अधिनियम, 2015
15	मर्की मंगली -II	याज़दानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015

16	तकली -जेना-बेल्लोरा (नॉर्थ) और तकली - जेना-बेल्लोरा (साउथ)	ऑरोबिंदो रियलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
17	जामखानी	वेदांता लिमिटेड	ओडिशा	10.02.2020	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
18	राधिकापुर (वेस्ट)	वेदांता लिमिटेड	ओडिशा	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
19	राधिकापुर (ईस्ट)	ईएमआईएल माइंस एंड मिनरल रिसोर्सेज लिमिटेड	ओडिशा	03.03.2021	सीएमएसपी अधिनियम, 2015
20	जगन्नाथपुर बी	पावरप्लस ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड	पश्चिम बंगाल	13.02.2020	सीएमएसपी अधिनियम, 2015